प्रीलिम्स फैक्ट्स: 28 जून, 2019

drishtiias.com/hindi/printpdf/prelims-facts-28-june-2019

मांसाहारी डायनासोर

ब्राज़ील और अर्जेंटीना के जीवाश्म विज्ञानियों को हाल ही में दक्षिणी ब्राज़ील पराना स्टेट (Parana State) के क्रूज़िरो डो ओस्टे (Cruzeiro do Oeste) म्यूनिसिपैलिटी में मांसाहारी डायनासोर (वेस्पेसॉरस पैरानेंसिस- Vespersaurus paranaensis) के जीवाश्म प्राप्त हुए हैं।

Vespersaurus paranaensis	Parana State

- मरुस्थल में रहने वाले मांसाहारी डायनासोर संभवतः 90 मिलियन वर्ष पहले पाए जाते थे।
- छोटे शिकार को पकड़ने के लिये ये डायनासोर पंजे का इस्तेमाल करते थे।
- वेस्पेसॉरस दो पैरों वाला मांसाहारी टेरोपॉड था, इस समूह की दो और ज्ञात प्रजातियाँ हैं- टायरानोसॉरस (Tyrannosaurus) और वेलोसिरैप्टर (Velociraptor)।
- इसी प्रजाति के डायनासोर के पैरों के निशान की खोज वर्ष 1970 के दशक में ब्राज़ील के क्रूज़िरो डो ओस्टे (Cruzeiro do Oeste) में की गई थी जिसके अवशेष अब प्राप्त हुए हैं।
- डायनासोर के अवशेष से अनुमान लगाया जा रहा है कि पराना का उत्तरपूर्वी क्षेत्र कभी रेगिस्तान रहा होगा जहाँ की जलवायु वेस्पेसॉरस के अनुकूल थी।

गो ट्राइबल कैंपेन

Go Tribal Campaign

केंद्रीय जनजाति कार्य मंत्रालय के अंतर्गत ट्राइब्स इंडिया (Tribes India) द्वारा 'गो ट्राइबल कैंपेन' लॉन्च किया गया है।

- ट्राइफेड (TRIFED) द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य जनजातीय उत्पादों को बढ़ावा देने के लिये विभिन्न संगठनों के साथ समझौता और सहयोग करना है। इस कार्यक्रम की प्रमुख विशेषताएँ इस प्रकार हैं–
    - जनजातीय हस्तशिल्प और प्राकृतिक उत्पादों को बढ़ावा देना।
    - अमेज़न के साथ किये गए समझौते के अंतर्गत ट्राइब्स इंडिया और अमेज़न ग्लोबल मार्केटिंग, ट्राइब्स इंडिया के उत्पादों को Amazon.com के ज़रिये विश्व स्तर पर लॉन्च करेंगे।
    - जनजातीय रेशम उत्पादों के विकास, संवर्द्धन व विक्रय तथा जनजातीय बुनकरों के सशक्तीकरण के लिये ट्राइब्स इंडिया केंद्रीय रेशम बोर्ड के साथ समझौता करेगा।
    - महात्मा गांधी की 150वीं जयंती समारोह के अंतर्गत ट्राइफेड ने खादी कुर्ता और जैकेट लॉन्च किया है। इसके लिये 'आई एम खादी' ('I Am Khadi') फाउंडेशन के साथ समझौता किया गया है।
- ट्राइफेड ने ग्रामीण विकास चेतना संस्था, बाड़मेर के साथ समझौता किया है। इसके साथ फैशनी परिधानों की एक नई श्रृंखला प्रस्तुत की जाएगी।
- देश के विभिन्न हिस्सों के आदिवासियों द्वारा उत्पादित मडुआ, ज्वार, बाजरा, लाल चावल, शहद, लाख के उत्पाद, मसाले, कॉफी, चाय, हस्तनिर्मित साबुन आदि वस्तुओं का प्रदर्शन किया जाएगा।

भारतीय जनजातीय सहकारी विपणन विकास महासंघ- ट्राइफेड:

(The Tribal Cooperative Marketing Development Federation of India- TRIFED)

- ट्राइफेड 1987 में अस्तित्व में आया।
- यह जनजातीय कार्य मंत्रालय के अंतर्गत राष्ट्रीय स्तर का एक शीर्ष संगठन है जो **ट्राइब्स इंडिया ब्रांड** के तहत जनजातीय कला व हस्तशिल्प समेत जनजातीय उत्पादों के विक्रय व विकास का कार्य करती है।
- TRIFED का अपना पंजीकृत और प्रधान कार्यालय नई दिल्ली में स्थित है तथा देश में विभिन्न स्थानों पर स्थित 13 क्षेत्रीय कार्यालयों का नेटवर्क है।

पुलिस स्टेशन सर्वेक्षण

गृह मंत्रालय द्वारा किये गए एक सर्वेक्षण के अनुसार, देश के तीन सबसे अच्छे पुलिस स्टेशन **राजस्थान, अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह और पश्चिम बंगाल** में हैं।

- उल्लेखनीय है कि इन तीन पुलिस स्टेशनों को देश भर के 15,666 पुलिस स्टेशनों में से चुना गया है।
- इन स्टेशनों का मूल्यांकन महिलाओं और अनुसूचित जातियों एवं जनजातियों, संपत्ति से संबंधित अपराधों के विरुद्ध कार्यवाई के आधार पर किया गया।
- राजस्थान के बीकानेर ज़िले में उपस्थित **कालू पुलिस स्टेशन** ने प्रथम रैंक हासिल किया है क्योंकि यहाँ पर महिलाओं के लिये हेल्प डेस्क, पीने का पानी तथा वाई-फाई जैसी सभी सुविधाएँ पाई गईं।
- दूसरे स्थान पर निकोबार ज़िले में **कैंपबेल बे** है। इसमें बच्चों के अनुकूल कमरे तथा शिकायतकर्त्ताओं एवं आगंतुकों के लिये एक अलग प्रतीक्षालय है।

- पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद ज़िले में उपस्थित **फरक्का पुलिस स्टेशन को इस रैंकिंग में** तीसरा स्थान प्राप्त हुआ है, जिसका कारण पुलिस स्टेशन में एयर कंडीशनर, व्यायामशाला, सीसीटीवी कैमरे और पुलिस-पब्लिक इंटरैक्शन के लिये एक उपयुक्त वातावरण है।

पृष्ठभूमि

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा गुजरात में वार्षिक पुलिस महानिदेशक सम्मेलन के दौरान पुलिस स्टेशनों को ग्रेड देने का सुझाव दिया गया था जिसके बाद वर्ष 2016 से वार्षिक सर्वेक्षण किया जा रहा है।